
**दिनांक 31.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे जनपद में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल प्रमाणीकरण तथा आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुनर्गठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल प्रमाणीकरण तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 31.01.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–05.02.2025 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे–

1 श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2 श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3 श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4 श्री शंकु कुमार, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5 श्री रूपेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी, हमीरपुर।
6. श्री आशीष वाजपाई, सह0अभि0 इले0 / मैके0, एसडब्लूएसएम, हमीरपुर।
7. श्री अभिमन्यु तिवारी, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
8. श्री मोहनीश शारदा, क्यू.ए / क्यू.सी.इजी., सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
9. श्री आर.के. शुक्ला, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
10 श्री शैलेन्द्र गुप्ता, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV). Hamirpur.
11 श्री कौशलेन्द्र यादव, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV). Hamirpur.
12. श्री प्रभांशु गुप्ता, मैनेजर, PNC-SPML(JV). Hamirpur.
13. श्री अशोक कुमार, श्री हरि इन्फ्रा प्रा0 लि0।
14. श्री धीरेन्द्र सिंह, डी0के0 कन्सट्रक्शन, कैम्प हमीरपुर।
15. श्री सोनू कुमार मै0 अनिल कुमार शर्मा, कैम्प हमीरपुर।
16. श्री अरविन्द सिंह, मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता कैम्प हमीरपुर।



फर्म जे.डब्लू.आई.एल.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 131 ग्रामों के सापेक्ष 125 ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण तथा 06 ग्रामों मे अवशेष है तथा 13 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है।

कार्यदायी फर्म पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 02 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य तथा 10 ग्रामो में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्मो के पास पर्याप्त मैनपावर न होने के कारण रोड–रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणीकरण में विगत कई माह से अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड रेस्टोरेशन तथा हर घर जल



Scanned with OKEN Scanner

प्रमाणीकरण दिनांक 10.02.2025 के पूर्व पूर्ण करा लिया जाय तथा योजना से आच्छादित समस्त ग्रामों के प्रत्येक परिवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार तथा प्रतिदिन नियमित रूप से शत–प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–17.01.2025 को मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर द्वारा ग्राम पढोरी, विकास खण्ड, मौदहा मे नगणि ग्राम पेयजल योजना के निरीक्षण के दौरान अवर जलाशय में सीपेज पाये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया। कार्यदायी फर्म जे0डब्लू0आई0एल0 द्वारा बताया गया कि अवर जलाशय के सीपेज को विगत माह ही ठीक करा दिया गया था, वर्तमान मे सीपेज नही है। डी0टी0एल0, टी0पी0आई द्वारा अवगत कराया गया कि पढोरी अवर जलाशय का रिबाउन्ड टेस्ट कराया गया है, अवर जलाशय मानक के अनुरूप पाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि अवर जलाशय की राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं मानको के अनुसार गुणवत्ता की जांच कराकर 07 दिवस के अन्दर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पाई, पचखुरा बुजुर्ग, कंथी तथा बदनपुर में नल संयोजन का कार्य शेष है तथा जलापूर्ति पूरे ग्राम मे व नियमित रूप से नही की जा रही है, कार्यदायी संस्थाएं यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कर रोस्टर के अनुसार शत–प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 अनिल कुमार शर्मा 01 ग्राम पंधिया बुजुर्ग का हर घर जल सर्टीफिकेशन का कार्य शेष है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम 40 प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है, यथाशीघ्र शत–प्रतिशत जलापूर्ति करते हुए हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म श्री हरि इन्फ्रा प्रा0लि0 द्वारा 01 अवर जलाशय, 311 नल संयोजन, 02 ग्रामों मे रोड–रेस्टोरेशन तथा 04 हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य शेष है। फर्म वी0के0 कन्सट्रक्शन द्वारा 01 पम्प हाउस, 298 नल संयोजन, 03 ग्रामों मे रोड–रेस्टोरेशन तथा 08 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। इसी प्रकार फर्म मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा 141 नल संयोजन, 04 ग्रामो में रोड–रेस्टोरेशन तथा 02 हर घर जल सर्टीफिकेट का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर 10.02.2025 तक कार्य मानक के अनुसार पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता बि0/या0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट, कार्यदायी फर्म मै0 जय माँ लक्ष्मी एवं मै0 अवस्थी ट्यूबवेल बैठक मे अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधि0 अभि0, जल निगम, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि अनुपस्थित कार्यदायी फर्मो से स्पष्टीकरण प्राप्त कर 07 दिवस के अन्दर उपलब्ध करायें।

सहायक अभियंता इले0/मके0, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि पत्योरा डाडा तथा हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के डब्लू0टी0पी0 तथा सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर के माध्यम से विद्युत उपलब्ध कराया जाना है, किन्तु स्वतंत्र फीडर का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं गया है, योजनान्तर्गत डब्लू0टी0पी0 तथा सी0डब्लू0आर0 पर बार–बार पावर कट होने तथा 08 से 10 घंटे ही बिजली मिल पाने के कारण ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

जिलाधिकारी जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट किया गया तथा सहायक अभियंता वि0/यॉ0, एस.डब्लू.एस.एम, अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए स्वतंत्र फीडर का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया कि जॉच कर ली जाय की अवर जलाशय व अन्य कार्य स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं अनुबंधानुसार गुणवत्तापूर्ण करा



Scanned with OKEN Scanner

लिया गया है व पाइप लाइन मानक के अनुरूप तथा निर्धारित गहराई मे बिछायी गयी है। यह सुनिश्चित कर लिया जाय की पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन व नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार शत–प्रतिशत परिवारो को की जा रही है। विगत वर्षों मे ग्रीष्म ऋतु मे पानी की अधिक समस्या वाले ग्रामों, विशेषतः ऊँचाई पर स्थित ग्राम/मुहल्लों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर लिया जाय, जिससे अगामी ग्रीष्मऋतु में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। पेयजल की नियमित रूप से जॉच की जाय कि पेयजल की आपूर्ति मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण की जा रही है। योजना से आच्छादित ग्रामों का जिलास्तरीय अधिकारियों से नियमित जलापूर्ति तथा कराये गये कार्यो का सत्यापन करा लिया जाय। डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस्त टेक लि0(टी0पी0आई0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 02 ग्रामों का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए व निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)

दिनांक-20 फरवरी, 2025

पत्र संख्या-934/न0गं0–पे0वा0–स0बै0(2024–25)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झासी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियता, डि0वि0ख0 राठ/हमीरपुर।
8. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मेनेजर पी0एम0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner